नवोदय प्रिन्टर्स एण्ड स्टेशनर्स, जयपुर-3 फोन : 62587 P.P.

# कार्यालय नगरपालिका मण्डल, रतननगर (चूरू) (राज०)

## सभा की कार्यवाही पंजिका

नवोदय 2

दिनांक 07-09-2015 सभा की किस्म साधारण सभा समय 11.00 AM कुल सदस्यों की संख्या 15+4=19 उपस्थित सदस्यों की संख्या 13+4=17

विषय (लाल स्याही में) अंकित प्रस्तावानुसार (कुल प्रस्ताव सं० - 03)

| क्रमांक प्रस्ताव | बैठक की कार्यवाही का विवरण | प्रस्ताव जो पारित हुआ | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|
| | आज दिनांक 07-09-2015 को 11.00 AM पर न०पा० मण्डल के नव निर्वाचित सदस्यों की साधारण बैठक का आयोजन श्रीमती हीना बानो अध्यक्षा न० पा० मण्डल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें निम्न सदस्य महानुभाव उपस्थित हो आये। | | |
| 1. | श्रीमती - हीना बानो - अध्यक्षा | | |
| 2. | श्रीमान मुकेश कुमार शर्मा - उपाध्यक्ष | | |
| 3. | श्रीमती - किरण सैनी - सदस्या | | |
| 4. | श्री - किशन लाल - सदस्य | | |
| 5. | श्रीमती - महेन्द्रा - सदस्या | | |
| 6. | श्री - संजय कुमार - सदस्य | | |
| 7. | श्रीमती - अनिता - सदस्या | | |
| 8. | श्रीमती - प्रेमलता - सदस्या Ab. | | |
| 9. | श्री - गोविन्द प्रसाद शर्मा - सदस्य | | |
| 10. | श्रीमती - हेमलता - सदस्या | | |
| 11. | श्रीमती - आयशा बानो - सदस्या | | |
| 12. | श्री - अफजल - सदस्य | | |
| 13. | श्री - अब्दुल अजीज बडगुजर - सदस्य Ab. | | |
| 14. | श्रीमती - सुमन शर्मा - सदस्या | | |
| 15. | श्रीमती - संगीता - सदस्या | | |
| 16. | श्री - रामावतार म्यारियां - म० स० | | |
| 17. | श्री - मनसुख लाल शर्मा - " | | |
| 18. | श्री - सलीम खिलजी - " | | |
| 19 | श्री - दीसाराम - " | | |
| | इस प्रकार सभी नव निर्वाचित सदस्य महानुभावों की उपस्थिति पश्चात अध्यक्षा महोदया की आज्ञा से बैठक की कार्यवाही प्रथम प्रस्ताव के रूप में प्रारम्भ की गई। | | |
| प्रस्ताव सं० 01 - | नव गठित मण्डल के सदस्य महानुभावों का सधन्यवाद प्रस्ताव -: । | | |

Scanned with CamScanner

नवोदय प्रिन्टर्स एण्ड स्टेशनर्स, जयपुर-3 फोन : 62587 P.P.

# कार्यालय नगरपालिका मण्डल, रतननगर (राज०)

## सभा की कार्यवाही पंजिका

दिनांक 07-09-2015 सभा की किस्म ........ समय ........ कुल सदस्यों की संख्या ........ उपस्थित सदस्यों की संख्या ........

विषय (लाल स्याही में) ........

| क्रमांक प्रस्ताव | बैठक की कार्यवाही का विवरण | प्रस्ताव जो पारित हुआ | विशेष |
|---|---|---|---|
| | श्रीमान/श्रीमती अध्यक्षा महोदया द्वारा प्रथम प्रस्ताव के रूप में सभी नव निर्वाचित सदस्यों को जीत की बधाई व धन्यवाद देते हुए सदन सदस्यों (को) से विनित आग्रह किया, कि सदन लोकतन्त्र की आत्मा/मन्दिर होता है इस मन्दिर में जनता ने हमें नगर की आधारभूत समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु चुनकर भेजा है। इसलिए हमें कस्बे की समस्या का निराकरण मिलजुल कर करना है किसी बात विशेष को लेकर मतभेद नहीं करना है और हमें कस्बे को अच्छा सुशासन देना है ताकि नगर/कस्बे का विकास सुनिश्चित ढंग से हो सके। जिस पर उपस्थित समस्त सदस्य महानुभावों ने एक राय से उक्त कथन का स्वागत किया। इस प्रकार अध्यक्षा महोदया ने मण्डल सदस्य महानुभावों का एक बार पुन: अभिनन्दन/स्वागत करते हुए धन्यवाद बैठक की आगे की कार्यवाही शुरू की गई। | | |
| प्रस्ताव सं०-02-: | सफाई व्यवस्था पर विचार -: श्रीमान अध्यक्षा महोदया द्वारा उक्त प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा। जिस पर सदस्य महानुभावों ने साफ-सफाई व्यवस्था के सम्बन्ध में अपने-अपने विचार सदन के समक्ष रखे। जिनका विवरण निम्नानुसार है | | |
| (i) | श्री गोविन्द प्रसाद शर्मा (सदस्य):- श्री गोविन्द प्रसाद शर्मा ने सदन को अवगत करवाया की सफाई व्यवस्था में सुधार किया जा सकता है इसके लिए सफाई कार्य जोन बनाकर ठेके पर दे देनी चाहिए। | | |
| (ii) | श्री मुकेश कुमार शर्मा (उपाध्यक्ष) -: श्री मुकेश कुमार शर्मा ने सदन को अवगत करवाया, कि सफाई व्यवस्था को दुरस्त करने हेतु आठ स्वीकृत सफाई कर्मियों की भर्ती की जानी चाहिए। जिस पर यह | | |

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, रतननगर (राज०)

## सभा की कार्यवाही पंजिका

दिनांक........ सभा की किस्म........ समय........ कुल सदस्यों की संख्या........

विषय (लाल स्याही में) ........

| क्रमांक प्रस्ताव | बैठक की कार्यवाही का विवरण |
|---|---|
| | कहा गया कि वर्तमान में भर्ती पर रोक लगी हुई है इस सम्बन्ध में उपाध्यक्ष ने कहा कि पता कर शीघ्र नई सफाई कर्मियों की भर्ती की जावे। ताकि सफाई व्यवस्था में सुधार किया जा सके। और जब तक व्यवस्था नहीं हो, तब तक अतिरिक्त सफाई कर्मी उपलब्ध कराने हेतु (चार सफाई कर्मी) ठेकेदार को आदेशित किया जावे। |
| (iii) | श्री किशन लाल -: (सदस्य) श्री किशन लाल सदस्य ने सदन को अवगत कराया कि सफाई आवश्यक मुद्दा है। जिस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। साथ ही सदन से कहा कि अब्दुल गनी के घर से आने वाले गन्दे पानी की निकासी के लिए नाला बनवाया जावे। |
| (iv) | श्री संजय कुमार -: (सदस्य) श्री संजय कुमार (सदस्य) ने सदन को अवगत कराया कि वार्ड न० 04 की डिग्गी कचरे से भरी हुई है। इसको खाली करवाई जावे। व वार्ड न० 04 व 01 की डिग्गी की पाईप लाईन ओंकार आश्रम के पास एक ही आने के कारण व वार्ड न० 01 की पाईप लाईन में पानी का दाब कम आने के कारण लाईन का पानी वार्ड न० 04 की डिग्गी में आ जाता है ऐसी स्थिति के मद्देनजर वार्ड न० 04 की डिग्गी की पाईप लाईन के "वाल" लगवाया जावे। ताकि पानी नहीं आ सके। साथ ही वार्ड न० 04 में NH 65 से सीताराम सिंगोड़िया के घर तक रोड़ की मिट्टी डलवाई जावे। |
| (v) | सीताराम -: (म० स०) श्री सीताराम मनोनीत सदस्य ने सदन से कहा, कि वार्ड न० 14 के गन्दे पानी की निकासी की व्यवस्था की जानी चाहिए। जिस पर श्री गोविन्द प्रसाद शर्मा (सदस्य) ने सदन से कहा कि गाडोड़ियों की छतरी के पास न० पा० की 1 बिस्वा जमीन है उनकी हल्का पटवारी से जानकारी प्राप्त करके |

Scanned with CamScanner

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल, रतनगढ़ (राज०)

### सभा की कार्यवाही पंजिका

दिनांक 07-05-2015 सभा की किस्म ........ समय ........ कुल सदस्यों की संख्या ........

विषय (लाल स्याही में) ........

| क्रमांक प्रस्ताव | बैठक की कार्यवाही का विवरण |
|---|---|
| | डिग्गी का निर्माण करवाया जाकर वार्ड नं० 12, 13, 14, 15 की गन्दे पानी की निकासी भी की जा सकती है |
| (vi) | श्रीमती आयशा बानो - (सदस्या) - श्रीमती आयशा बानो ने सदन को अवगत करवाया कि मेरे वार्ड न० 10 में आज से सात दिवस पूर्व साफ-सफाई हुई थी लेकिन आज दिनांक तक एकत्रित कचरा उठाया नहीं गया है जबकि कचरा उसी दिन उठाया जाना चाहिए। |
| (vii) | श्रीमती हेमलता - (सदस्या) श्रीमती हेमलता (सदस्या) ने सदन को अवगत करवाया, कि वार्ड न० 01 में साफ-सफाई का कार्य समुचित रूप से नहीं किया जाता है इसमें सुधार किया जाना चाहिए। साथ ही स्ट्रीट लाईट व्यवस्था में सुधार किया जाना चाहिए। |
| (viii) | श्रीमती संगीता - (सदस्या) श्रीमती संगीता (सदस्या) ने सदन को अवगत करवाया कि वार्ड न० 14 में साफ-सफाई व स्ट्रीट लाईट की समुचित व्यवस्था की जावे। पिछले कई महिने से वार्ड की साफ-सफाई नहीं की गई है अतः नियमित रूप से साफ-सफाई करवाई जावे। साथ ही पिछले दिनों गोशाला के पास डिग्गी की पाईप लाईन लिकेज हो गई थी उनको ठीक करवाई जावे। |
| | इस प्रकार उपरोक्तानुसार बाद विचार-विमर्श पश्चात अध्यक्षा महोदया ने सदन को अवगत करवाया कि मौजूदा समय में कस्बे की साफ-सफाई व स्ट्रीट लाईट व्यवस्था से सम्बन्धित आप द्वारा जो भी सुझाव सदन के समक्ष रखे है उन पर गम्भीरता से विचार किया जाकर आपसी सहयोग / समन्वय के साथ उक्त समस्याओं का समाधान किया जावेगा। साथ ही वार्डों में कचरा संग्रहण एवं एकत्रित स्थल की जो भी समस्याएं सदन के समक्ष आयी है इनके |

Scanned with CamScanner

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, रतननगर (राज०)

## सभा की कार्यवाही पंजिका

दिनांक ............ सभा की किस्म ............ समय ............ कुल सदस्यों की संख्या ............

विषय (लाल स्याही में) ............

| क्रमांक प्रस्ताव | बैठक की कार्यवाही का विवरण |
| --- | --- |
| | निदान हेतु वर्तमान में निकाय के पास जो कचरा पात्र हैं। वो मौजूदा दौर में कम हैं। अत: मेरी राय है मुताबिक 15 वार्डों के अनुसार तीन-तीन कचरा-पात्र के हिसाब से 45 नये कचरा-पात्र 1.00 cum. में क्रय कर लिये जावें तो उचित रहेगा। जिससे वार्डों में कचरा एकत्रिकरण की समस्या काफी हद तक कम हो जायेगी। और कचरा भी आम रास्तों व फुटपाथों पर नहीं पड़ा रहेगा। जिस पर सभी सदस्य महानुभावों ने सर्व सहमति से नये 45 कचरा-पात्र क्रय करने की सर्व सहमति प्रदान कर कार्य पर व्यय होने वाली राशि की प्रशासनिक एवं वित्तिय स्वीकृति प्रदान की गई। |
| प्रस्ताव सं० 03 – | राज० न० पा० अधि० 2009 के अन्तर्गत समितियों के गठन पर विचार – श्रीमान अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा। जिस पर श्रीमान अधिशाषी अधिकारी महोदय ने सदन को अवगत करवाया कि नवगठित मण्डल के सदस्यों की राजस्थान न० पा० अधिनियम 2009 के अन्तर्गत समितियों का गठन किया जाना है जिसमें दः या सात समितियां महत्वपूर्ण होती हैं। का गठन किया जाना है जिसकी जो मार्गदर्शिका है उनकी प्रति आपको उपलब्ध करवा दी जावेगी। जिस पर मण्डल सदस्य महानुभावों ने सदन से कहा कि समितियों के गठन के सम्बन्ध में जो मार्गदर्शिका का है उनका हम अध्ययन कर लेते हैं के पश्चात ही समितियों का गठन आगामी मण्डल बैठक में किया जाना उचित रहेगा। जिस पर सर्व सहमति से समितियों का गठन आगामी बैठक में किये जाने का निर्णय सर्व सहमति से लिया गया। |

नवोदय प्रिन्टर्स एण्ड स्टेशनर्स, जयपुर-3 फोन : 62587 P.P.

# कार्यालय नगरपालिका मण्डल, रतननगर (राज०)

## सभा की कार्यवाही पंजिका

दिनांक ............ सभा की किस्म ............ समय ............ कुल सदस्यों की संख्या ............

विषय (लाल स्याही में) ............

| क्रमांक प्रस्ताव | बैठक की कार्यवाही का विवरण | प्र |
| --- | --- | --- |
| | बैठक के अन्त में कोई अन्य प्रस्ताव विचारणीय नहीं होने के कारण श्रीमान अध्यक्ष महोदय द्वारा एक बार पुनः नवगठित मण्डल सदस्यों को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त की घोषणा की गई। | |

अध्यक्ष
नगरपालिका, रतननगर (चूरू)

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, रतननगर

Scanned with CamScanner